**NEWS CLIPPING:14.07.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

# JC Bose University releases Information Brochure for Foreign Students


**Nidhi Priya**

info@impressivetimes.com




**FARIDABAD :** J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad today released the University Foreign Student Information Brochure. The University has initiated the process for admission to various courses including Engineering, Science, Journalism and Management under Foreign Student Category. The students can apply under Foreign Student Category upto August 7, 2023. The Information Brochure was released by the Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar in a program organized by the International Affairs Cell. Registrar Dr. S.K. Garg, Dean Institutions Prof. Sandeep Grover, Dean Academics Prof. Ashutosh Dixit, Director Admissions Prof. Ashutosh Nigam, Director International Affairs Dr. Shilpa Sethi, Dr. Pawan Singh, Deputy Director Dr. Rajeev Saha and other officers of the academic and International Affairs were present on this occasion. The Vice-Chancellor extended good wishes to the members of International Affairs for academic session 2023-24 and said that the University is striving to make its presence at International Level and ready to host International students from diverse cultures which may further contribute in improving the academic environment of the University. Dean (Academic Affairs) Prof. Ashutosh Dixit apprised that this year, the University has introduced three and four-year undergraduate degree programs, aligned with the provisions of NEP-2020, allowing students to opt for a minor degree program along with the major discipline and the flexibility of Multiple Entry and Exit options. These provisions will also be applicable for students admitted under Foreign Student Category.

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**NEWS CLIPPING:14.07.2023**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस वि.वि ने विदेशी छात्रों के लिए जारी की सूचना विवरणिका

### अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से सांस्कृतिक विविधता को मिलेगा बढ़ावाः कुलपति प्रो. तोमर



*सूचना विवरणिका जारी करते हुए कुलपति प्रो. एस.के. तोमर।*

फरीदाबाद, 13 जुलाई (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी की। विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत इंजीनियरिंग, विज्ञान, पत्रकारिता और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत 7 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सूचना विवरणिका का विमोचन कुलपति प्रो. एसके तोमर ने अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित, निदेशक अंतर्राष्ट्रीय मामले डॉ. शिल्पा सेठी, निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा, डॉ पवन सिंह और अकादमिक एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कुलपति ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है तथा विश्वविद्यालय को सांस्कृतिक विविधता का केन्द्र बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मेजबानी के लिए तैयार है जोकि आगे चलकर विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

डीन अकादमिक मामले प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। यह प्रावधान विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत दाखिल छात्रों पर भी लागू होंगे।

डॉ. शिल्पा सेठी ने कुलपति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय को विदेशी छात्रों से विशेष रूप से ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों की श्रेणी दाखिले को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी में छात्र पहले भी दाखिला ले चुके है।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15 प्रतिशत सीटों का प्रावधान किया है, जिसमें एआईसीटीई दिशानिर्देशों के अनुसार 5 प्रतिशत सीटें ओसीआई और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) अथवा खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


**NEWS CLIPPING:14.07.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## जेसी बोस यूनिवर्सिटी में सात तक आवेदन कर सकेंगे विदेशी छात्र




**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

**जेसी बोस** यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को विदेशी छात्रों के लिए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विदेशी छात्रों के लिए इन्फॉर्मेशन बाउचर जारी कर दिया। विदेशी छात्र सात अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अकादमिक मामलों के डीन प्रफेसर आशुतोष दीक्षित ने बताया कि इस साल यूनिवर्सिटी नई शिक्षा नीति के तहत तीन व चार साल के अंडर ग्रैजुएट कोर्स करा रही है। इसमें छात्रों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने और मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। यह प्रावधान विदेशी छात्र श्रेणी के तहत होने वाले दाखिलों पर भी लागू होंगे। यूनिवर्सिटी ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15% सीटों का प्रावधान किया है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि विदेशी छात्रों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा नहीं ली जाएगी। दाखिले के लिए पूरी जानकारी वेबसाइट https://jcboseust.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


**NEWS CLIPPING:14.07.2023**

# PIONEER

## अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से सांस्कृतिक विविधता को मिलेगा बढ़ावा : कुलपति

### जेसी बोस विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी की

### ओसीआई और खाड़ी देशों से दाखिले को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी की। विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत इंजीनियरिंग, विज्ञान, पत्रकारिता और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत सात अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

सूचना विवरणिका का विमोचन कुलपति प्रो. एसके तोमर ने अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डीन (इंस्टीट्यूशंस) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित, निदेशक अंतर्राष्ट्रीय मामले डॉ. शिल्पा सेठी, निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा, डॉ. पवन सिंह और अकादमिक एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कुलपति ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है तथा विश्वविद्यालय को सांस्कृतिक विविधता का केंद्र बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मेजबानी के लिए तैयार है, क्योंकि आगे चलकर विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

डीन अकादमिक मामले प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरुआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। यह प्रावधान विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत दाखिल छात्रों पर भी लागू होंगे। डॉ. शिल्पा सेठी ने कुलपति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय को विदेशी छात्रों से विशेष रूप से ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों की श्रेणी दाखिले को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी में छात्र पहले भी दाखिला ले चुके है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15 प्रतिशत सीटों का प्रावधान किया है, जिसमें एआईसीटीई दिशानिर्देशों के अनुसार 5 प्रतिशत सीटें ओसीआई और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं।

विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में दाखिला के लिए पात्रता के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) अथवा खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी विश्वविद्यालय से की है, विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के अंतर्गत दाखिले के पात्र नहीं है। डॉ साहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध स्टुडेंट वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा और मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बिना दाखिला नहीं दिया जायेगा।

**NEWS CLIPPING:14.07.2023**

# REPCO NEWS

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी

फरीदाबाद, 13 जुलाई ( रेपको न्यूज)। जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी की। विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत इंजीनियरिंग, विज्ञान, पत्रकारिता और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत 7 अगस्त, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

सूचना विवरणिका का विमोचन कुलपति प्रो. एस.के. तोमर ने अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, डीन (इंस्टीट्यूशन्स) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन (अकादमिक मामले) प्रो. आशुतोष दीक्षित, निदेशक अंतर्राष्ट्रीय मामले डॉ. शिल्पा सेठी, निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम, उप निदेशक डॉ. राजीव साहा, डॉ पवन सिंह और अकादमिक एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



कुलपति ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है तथा विश्वविद्यालय को सांस्कृतिक विविधता का केन्द्र बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मेजबानी के लिए तैयार है जोकि आगे चलकर विश्वविद्यालय के अकादमिक वातावरण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

डीन अकादमिक मामले प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। यह प्रावधान विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत दाखिल छात्रों पर भी लागू होंगे।

डॉ. शिल्पा सेठी ने कुलपति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय को विदेशी छात्रों से विशेष रूप से ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों की श्रेणी दाखिले को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने बताया कि इस श्रेणी में छात्र पहले भी दाखिला ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15 प्रतिशत सीटों का प्रावधान किया है, जिसमें एआईसीटीई दिशानिर्देशों के अनुसार 5 प्रतिशत सीटें ओसीआई और खाड़ी देशों में भारतीय कामगारों के बच्चों के लिए आरक्षित हैं।

विदेशी राष्ट्र की श्रेणी में दाखिला के लिए पात्रता के बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशक डॉ. राजीव साहा ने बताया कि भारत के अलावा किसी अन्य देश का वैध पासपोर्ट और नागरिकता रखने वाला उम्मीदवार अथवा ओवरसीज सिटीजन आफ इंडिया (ओसीआई) अथवा खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चे दाखिले के लिए पात्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एआईसीटीई के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रवासी भारतीय (एनआरआई) तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिन्होंने योग्यता परीक्षा किसी अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड या विदेशी विश्वविद्यालय से की है, विदेशी राष्ट्र की श्रेणी के अंतर्गत दाखिले के पात्र नहीं है।

डॉ साहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विदेशी उम्मीदवार को वैध स्टूडेंट वीजा या रिसर्च वीजा प्राप्त करना होगा और मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, जिसके बिना दाखिला नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विदेशी विद्यार्थियों का दाखिला योग्यता परीक्षा की मैरिट के आधार पर किया जायेगा और इसके लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी।

अंतर्राष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ ममता कथूरिया ने बताया कि बताया कि इच्छुक विद्यार्थी पाठ्यक्रम, सीटों की संख्या, दाखिला मानदंड इत्यादि की जानकारी वेबसाइट https://jcboseust.ac.in पर उपलब्ध विवरणिका से प्राप्त कर सकते है तथा 7 अगस्त, 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते है। इसके अलावा, विद्यार्थी ia@jcboseust.ac.in पर अथवा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के प्रकोष्ठ के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते है।

**NEWS CLIPPING:14.07.2023**

# HINDUSTAN

# जेसी बोस में विदेशी छात्रों के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू

- सात अगस्त तक किया जा सकता है आवेदन
- डिग्री के साथ एग्जिट विकल्पों की सुविधा

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने गुरुवार को विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी की। विश्वविद्यालय द्वारा विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत इंजीनियरिंग, विज्ञान, पत्रकारिता और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत सात अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सूचना विवरणिका का विमोचन कुलपति प्रो एसके तोमर ने अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में किया। डीन अकादमिक मामले प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है, जिससे विद्यार्थियों को मुख्य डिग्री के साथ-साथ चुनिंदा विषयों में माइनर डिग्री करने तथा मल्टीपल एंट्री और एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी। डॉ. शिल्पा सेठी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में विदेशी श्रेणी के लिए 15 प्रतिशत सीटों का प्रावधान किया है।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:14.07.2023**

# AMAR UJALA

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के दाखिले शुरू

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों के लिए सूचना विवरणिका जारी कर दाखिला. प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय में विदेशी छात्र श्रेणी के अंतर्गत इंजीनियरिंग, विज्ञान, पत्रकारिता और प्रबंधन सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिले शुरू किए गए हैं। इसके लिए 7 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कुलपति प्रो. एसके तोमर ने सूचना विवरणिका का विमोचन किया। कुलपति ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए अंतरराष्ट्रीय मामले प्रकोष्ठ के सदस्यों से कहा कि विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए प्रयासरत है। डीन अकादमिक मामले प्रो. आशुतोष दीक्षित ने बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम की शुरूआत की गई है। संवाद